# छात्र प्रतिपुष्टि सूचना (feedback report) सत्र 2016–17

महाविद्यालय में प्रतिपुष्टि समिति का गठन सत्र 2014 में किया गया था और तभी से प्रतिवर्ष यह समिति छात्रों से महाविद्यालय में दी जा रही शिक्षा तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करती है । जानकारी में छात्र जिन विषयों/गतिविधियों से संतुष्ट हैं उनके बारे में व साथ ही जिन विषयों/गतिविधियों के बारे में असंतुष्ट हैं, अपनी प्रतिक्रियाएँ समिति को उपलब्ध करवाते हैं। तत्पश्चात इन सुझावों/शिकायतों को श्रीमान प्राचार्य व IQAC के समक्ष यथासंभव हल निकालने के लिये प्रस्तुत किया जाता है।

सत्र 2016–17 के लिये प्रतिपुष्टि समिति का गठन सत्रारम्भ में किया गया। समिति में श्रीमती रेखा वर्मा–प्रभारी, श्रीनमामी शंकर बिस्सा –सदस्य व श्री मनीष शर्मा–छात्र सदस्य के रूप में मनोनीत किये गये। इस सत्र में छात्रों से प्रतिपुष्टि प्रपत्र पूर्ति पश्चात मिले सुझाव/शिकायतें निम्न प्रकार से हैं–

1 पुस्तकालय में स्थान की कमी है।

2 खेल सामग्री पर्याप्त नहीं है।

3 छात्रों के लिये महाविद्यालय में इन्टरनेट की सुविधा होनी चाहिये।

समाधान –

1 पुस्तकालय को वर्तमान हॉल से स्थानान्तरित किया जाना प्रस्तावित है। बडे कक्ष में जाने पर वाचनालय के लिये पर्याप्त स्थान की व्यवस्था हो जायेगी।

2 पर्याप्त मात्रा में खेल सामग्री का क्रय किया जा रहा है, इस मद में प्राप्त सम्पूर्ण बजट का उपयोग खेल सामग्री क्रय करनें में कर लिया जायेगा। साथ ही महाविद्यालय परिसर में एक बैडमिंटन कोर्ट बनाया जाना भी प्रस्तावित है।

3 छात्रों को इन्टरनेट देने की व्यवस्था हेतु भी निदेशालय से इस मद में अधिक बजट की मांग की गई है, उपलब्ध होते ही छात्रों को यह सुविधा दी जावेगी।

(प्रो.शालिनी सक्सेना)

समन्वयक IQAC

(रेखा वर्मा)

प्रभारी, प्रतिपुष्टी समिति

प्राचार्य

# छात्र प्रतिपुष्टि सूचना (Feedback Report) सत्र – 2017-18

महाविद्यालय में प्रतिपुष्टि समिति 2014 से निरन्तर कार्यरत है | सत्र – 2017-18 में इस समिति में संयोजक डॉ. इन्दिरा खत्री (हिन्दी व्याख्याता) एवं श्रीमती रेखा वर्मा (अंग्रेजी व्याख्याता) तथा सदस्य छात्रा सुश्री भाग्यश्री हैं | सत्रारम्भ में समिति ने बैठक का आयोजन किया एवं प्राप्त प्रतिपुष्टि प्रपत्रों पर विचार विमर्श किया | बैठक में विद्यार्थियों द्वारा दिये गये सुझाव एवं अपेक्षाएं तथा प्रशासन की तरफ से दिए गए सुधार निम्नलिखित प्रकार रहे |

**छात्रों की मांग :-**

1. पुस्तकालय भवन में वाचनालय बड़ा करने की मांग की गयी |
2. पेयजल व्यवस्था को दूसरी मंजिल पर भी उपलब्ध कराने की मांग हुई |
3. खेलकूद के लिए आवश्यक सामग्री, मैदान एवं प्रतियोगिता के आयोजन होते रहे, यह लिखा गया |
4. कक्षाओं में कैमरे लगाने के लिए लिखा |
5. छात्रों की उपस्थिति भी बायोमेट्रिक आधार पर हो या मांग की गयी |
6. छात्रों के लिए कॉलेज में इन्टरनेट की मांग की गयी |

**प्रशासन द्वारा समाधान :-**

1. विद्यार्थियों द्वारा दिए गए फीडबैक के अनुसार पुस्तकालय में वाचनालय में बैठक व्यवस्था बढ़ाई गई |
2. भवन की दूसरी मंजिल पर पेयजल हेतु वाटरकूलर, आर. ओ. के साथ लगाया गया |
3. खेल सामग्री खरीद में अधिक बजट हेतु निदेशालय को लिखा गया |
4. कक्षाकक्ष में तो नहीं, पूरे भवन को तीसरी आंख (कैमरे) से युक्त किया गया |
5. छात्र उपस्थिति बायोमेट्रिक आधार पर हो सकती है या नहीं यह राज्य सरकार का विषय है |
6. इन्टरनेट के लिए अधिक बजट की मांग निदेशालय से की गई है | इस मद में बजट जारी होते ही विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा जारी हो जाएगी |

**प्राचार्य**

**डॉ. भास्कर शर्मा 'श्रोत्रिय'**

| **समन्वयक (IQAC)** | **संयोजक प्रतिपुष्टि** | **सदस्य प्रतिपुष्टि** |
|---|---|---|
| | 30.4.2018 | |
| प्रो. शालिनी सक्सेना | डॉ. इन्दिरा खत्री | श्रीमती रेखा वर्मा |

# छात्र प्रतिपुष्टि सूचना (Feedback Report) सत्र – 2018-19

प्रथम नैक परीक्षण के समय से ही (2014) महाविद्यालय में प्रतिपुष्टि समिति कार्य कर रही है | सत्र - 2018-19 के लिए इस समिति में संयोजक डॉ. इन्दिरा खत्री, सदस्य श्रीमती रेखा वर्मा एवं छात्रा भाग्यश्री को नियुक्त किया गया | समिति ने छात्रों को फीडबैक फॉर्म दिये तथा उनसे शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों हेतु सुझाव मांगे गये | प्राप्त पत्रों को श्रीमान प्राचार्य एवं IQAC के समक्ष समाधान हेतु रखा गया |

**प्रतिपुष्टि प्रपत्र पूर्ति पश्चात प्राप्त सुझाव / शिकायतें इस प्रकार हैं :-**

1. परिसर को की स्वच्छता बढ़ाई जाये |
2. इन्टरनेट एवं डिजिटल माध्यम से शिक्षण की मांग |
3. पुस्तके जारी हो एवं वाचनालय में स्थान बढाया जाये एवं बैठक व्यवस्था की जाये |
4. खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियां बढ़ाई जाये |
5. पाठ्यक्रम समय पर पूरा करवाया जाये |
6. छात्र कक्ष बनवाया जाये |
7. छात्रों के लिए फोटोकॉपी की सुविधा हो एवं पाठ्य सहगामी क्रियाएं निरंतर जारी हो |
8. बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था छात्रों के लिए भी अनिवार्य की जाये |

**समाधान :-**

पुस्तकालय को वर्तमान हॉल में से स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित हैं | वाचनालय के लिए अधिक स्थान हो जायेगा | पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण अस्थाई अध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति द्वारा पुस्तके जारी की जाती हैं | परिसर की सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं | उसके द्वारा अपना कार्य संपादित किया जाता है | इन्टरनेट बजट नहीं होने से नहीं दिया जा सकता, डिजिटल माध्यम से विषय वार अध्यापन प्रारम्भ कर दिया गया है | खेलकूद गतिविधियों के लिए बजट की मांग की जा रही है | पाठ्यक्रम समय पर पूरा होता है, रिक्त पदों पर तदर्थ प्राध्यापक लगाकर कोर्स पूरा करवाया जाता है | छात्र कक्ष की मांग पर विचार किया गया अभी यह पूरा करना असमभव है | आवश्यकतानुसार फोटोकॉपी कर दी जाती है | बायोमेट्रिक की व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है |

**प्राचार्य**

**डॉ. भास्कर शर्मा 'श्रोत्रिय'**

**समन्वयक (IQAC)**

प्रो. शालिनी सक्सेना

**संयोजक प्रतिपुष्टि**

30.4.2019

डॉ. इन्दिरा खत्री

**सदस्य प्रतिपुष्टि**

श्रीमती रेखा वर्मा

# छात्र प्रतिपुष्टि(Feedback) सूचना सत्र 2019.20

सत्र 2019–20 के लिए Feedback कमेटी के रूप में डॉ. कमल किशोर सैनी, संयोजक, श्रीमती रेखावर्मा सदस्य तथा श्री हंसराज शर्माछात्र आ. उत्तरार्द्ध को दायित्व सौपा गया। सत्र के आरम्भ में कमेटी ने बैठक कर वर्ष पर्यन्त छात्रों की अपेक्षाओं व सुझावों को जानने का प्रयास करने का निश्चय किया सत्र और महाविद्यालय द्वारा तैयार करवाये गए प्रतिपुष्टि प्रपत्र पूर्ति करने के लिए उपलब्ध करवाए। पूर्ति उपरान्त प्राप्त सुझावों व अपेक्षाओं का संकलन व उनके समाधान निम्न प्रकार से है–

**छात्रों की मांग**

- छात्रों की अपेक्षा है कि महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां नियमित एवं सुचारु रूप से आयोजित करने के लिए कदम उठाये जायें।
- छात्रों के लिए पुस्तकालय में बैठने की व्यवस्था दुरुस्त करवायी जाए।
- पेयजल व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा छात्रों के द्वारा की गई है।
- अध्यापन के दौरान आधुनिक IT tools का प्रयोग किया जाए ताकि छात्र समकालीन Teaching Methods/equipments से परिचित हो सकें। खेल व व्यायाम सम्बन्धी उपकरण भी छात्रों को उपलब्ध करवाए जाए।

**समाधान**

उक्त बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही NAAC के फार्मेट में Feedback Form तैयार कर गूगल फार्म में डालकर बच्चों को लिंक भेजा गया है और उसके माध्यम से भी उनसे फीडबैक लिया जा रहा है।

छात्रों द्वारा दिए गए फीडबैक के अनुसार खेल उपकरण बढ़ाने हेतु विभाग से खेलमद में बजट प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भिजवा दिए गए ताकि छात्रों को अधिकाधिक खेलसामग्री उपयोगार्थ प्राप्त हो सके।

पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त होने से विभाग से प्रतिनियुक्ति पर श्री शंकर सोनी जी को लगवाया गया है जिससे छात्रों को पुस्तकालय की पुस्तकें मिलने लगी हैं। उनके सहयोग के लिए श्री शैलेन्द्र जैन को 15–15 दिन के रोटेशन पर नियुक्त किया गया है ताकि पुस्तकालय के ऑटोमेशन का कार्य भी सम्पन्न हो सके।

पेयजल की व्यवस्था पूर्व से ही महाविद्यालय में व्यवस्थित है। वाटरकूलर आरओ के साथ यथास्थान उपलब्ध हैं। उनके रखरखाव की व्यवस्था और अधिक दुरुस्त की जा रही है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित हो रहे हैं अब महाविद्यालय का बड़ा ऑडिटोरियम भी बनकर तैयार है। उद्घाटनोपरान्त वह भी छात्रों के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सुचारु संचालित करने के लिए उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

महाविद्यालय में IT Tools का उपयोग अध्यापन में हो रहा है। इस सत्र के अन्त से ई कटेंण्ट के माध्यम से ऑनलाइन अध्यापन एवं ऑनलाइन क्विज, कवि सम्मेलन आदि के माध्यम से छात्रों के ज्ञान के स्तर को जाँचने व उन्हें इस करोना काल में घर बैठे अध्ययन सामग्री उपलब्ध की व्यवस्था प्रारम्भ कर दी गई।

अब महाविद्यालय का यूट्यूब चैनल भी तैयार कर दिया गया है।

(डॉ0 रेखा वर्मा)
सदस्य FeedbackCell

(डॉ. कमल किशोर सैनी)
प्रभारी FeedbackCell

(प्रो.शालिनी सक्सेना)
**समन्वयक IQAC**

(प्रो. भास्कर शर्मा'श्रोत्रिय)
**प्राचार्य**

# छात्र प्रतिपुष्टि (FEED BACK) सूचना

सत्र -2020-21

प्रति वर्ष की भांति सत्र 2020-21 के लिए महाविद्यालय में प्रतिपुष्टि समिति का पुनर्गठन किया गया। फीडबैक सिस्टम को पारदर्शी बनाने के लिए इस व्यवस्था को ऑनलाइन किया गया। छात्रों को समय-समय पर फीडबैक फॉर्म भरने के लिए ईमेल पर सूचना दी गई ताकि छात्र इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने की आदत बने और अपना मत निष्पक्षता से रखें। अधिकतर छात्रों ने अध्यापन में नई तकनीक की आवश्यकता पर जोर दिया।

वर्ष 2019 के अंत में कोविद-19 के वैश्विक महामारी का रूप लेने के कारण मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में महाविद्यालय की समस्त गतिविधियां स्थगित कर दी गई थी और जुलाई 2020 में महाविद्यालय में छात्रों को न आने की हिदायत दी गई थी अध्यापकों द्वारा अध्यापन के वैकल्पिक माध्यमों का प्रयोग किया जाने लगा छात्रों द्वारा भविष्य में फीडबैक नेट द्वारा प्रस्तावित Student Setisfaction survey (sss) formate में देंगे |

(Rekha Verma)
Asso. Professor

# छात्र प्रतिपुष्टि फीडबैक सूचना

सत्र- **2021-22**

नए सत्र में फीडबैक समिति का पुनर्गठन किया गया। छात्रों को ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया गया और अधिक से अधिक फॉर्म भर अपने सुझाव, शिकायत दर्ज करने का आग्रह किया गया। छात्रों के द्वारा कक्षाएं नियमित किए जाने का सुझाव दिया गया है साथ ही वे चाहते हैं कि एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियां नियमित रूप से महाविद्यालय में चलती रहे। छात्रों ने जोर दिया कि अधिक गतिविधियां महाविद्यालय स्तर पर की जाए ताकि हर छात्र किसी न किसी एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों में भाग ले सके। कोविद-19 के कारण कक्षाएं कुछ हद तक प्रभावित हुई ।महाविद्यालय लौटने पर छात्र पूरी सक्रियता से महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लेना चाहते थे। अतः छात्रों ने फील्ड टूर, एजुकेशनल टूर, कैंप आदि के सुझाव फीडबैक फॉर्म में दिए। छात्रों द्वारा शिक्षण व्यवस्था की मॉनिटरिंग का सुझाव भी दिया गया। स्टाफ में विषय अध्यापकों का अभाव होने की पीड़ा भी फीडबैक फॉर्म में देखने को मिली। छात्र अपने भविष्य के विषय में भी चिंतित प्रतीत हुए क्योंकि छात्रों द्वारा सुझाव दिया गया है कि कोर्स पूरा करवाने के साथ ही छात्रों को करियर के विषय में भी जागरूक किया जावे ताकि महाविद्यालय से डिग्री करने के पश्चात आगे क्या करना है वह उन्हें स्पष्ट रहे और उनका अमूल्य समय व्यर्थ ना जावे। इन सभी सुझावों से प्रशासन को अवगत करवाने का निर्णय लिया गया।

(Rekha Verma)
Asso. Professor